Please check the examination details below before entering your candidate information

| नाम | कक्षा | विभाग |
|---|---|---|
| | | |

# BLOOM हिन्दी ओलम्पियाड (BHO)

## प्रश्न-पत्र 2024-25

कक्षा 5

कुल प्रश्न : 50 + 5 (Tie-Breaking सेक्शन)

**कुल निर्धारित समय :** 60 मिनट

**कुल अंक** : 60

## निर्देश

1. इस पुस्तिका में **50 बहुविकल्पीय प्रश्न** हैं, जिनके 4 विकल्प दिए गए हैं। इनमें से **सिर्फ एक विकल्प** सही है।
2. इस प्रश्न-पत्र को दो खण्डों में बाँटा गया है—**सेक्शन 'A'** और **सेक्शन 'B'**। सेक्शन A में 40 प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का है तथा सेक्शन B में 10 प्रश्न हैं, जो उच्च चिंतन कौशल पर आधारित हैं। प्रत्येक प्रश्न 2 अंक का है।
3. सभी प्रश्न करने अनिवार्य हैं। किसी भी गलत उत्तर के लिए **नकारात्मक अंक** नहीं दिया जाएगा।
4. पूरे प्रश्न-पत्र को करने के लिए 1 घण्टे का समय निर्धारित है।
5. पेपर को करने से पहले नीचे दिए गए स्थान में अपनी जानकारी अवश्य भरें।

## OMR शीट निर्देश

1. पेपर शुरू करने से पहले OMR शीट में सभी जानकारी भरें।
2. पेपर शुरू होने से पहले OMR शीट भरने के लिए 10 मिनट अधिक दिए जाएँगे।
3. OMR शीट में सही गोले को भरने के लिए HB पेंसिल का प्रयोग करें। OMR शीट में सही तरह से गोला भरने का तरीका नीचे दिया गया है।
   ● ○ ○ ○
4. OMR शीट में सभी जानकारी भरने के लिए काले या नीले बॉल पेन या HB पेंसिल का प्रयोग कर सकते हैं। आंशिक रूप से भरी गई OMR शीट की जाँच नहीं की जाएगी।
5. पेपर समाप्त होने के बाद OMR शीट निरीक्षक को वापस कर दें।

CODE #176

HI5

BLOOM CAP
Founded by arihant

## सेक्शन 'A' (1 अंक)

**1.** मुख से निकलने वाली प्रत्येक स्वतन्त्र आवाज क्या कहलाती है?
(a) वाक्य (b) ध्वनि
(c) वर्ण (d) भाषा

**2.** हिन्दी में कुल कितने स्वर होते हैं?
(a) 12 (b) 5
(c) 10 (d) 11

**3.** शब्द की सबसे छोटी इकाई को क्या कहते हैं?
(a) वर्ण (b) शब्द
(c) वाक्य (d) अन्वय

**4.** 'सुनिधि' शब्द है ......... ।
(a) क्रिया (b) संज्ञा
(c) सर्वनाम (d) विशेषण

**5.** कौन-सी भाषा फारसी लिपि में लिखी जाती है?
(a) कन्नड़ (b) अंग्रेजी
(c) उर्दू (d) पंजाबी

**6.** 'योग्यता' शब्द का वर्ण विच्छेद होगा
(a) य् + ग + य् + त् + आ
(b) य् + ओ + ग् + य् + अ + त् + आ
(c) यो + अ + ग् + य् + ता
(d) यो + ग + य + त + आ

**7.** 'देवदूत' शब्द रचना के आधार पर कैसा शब्द है?
(a) योगरूढ़ (b) रूढ़
(c) यौगिक (d) देशज

**8.** 'छाता' का बहुवचन क्या होगा?
(a) छातो (b) छातों
(c) छतों (d) छाताएँ

**9.** सही विकल्प चुनकर रिक्त स्थान भरिए।
चाबियों का .......... मुझे दे दो।
(a) ढेर (b) झुंड
(c) गुच्छा (d) गट्ठर

**10.** भाव + अर्थ = भावार्थ में कौन-सी सन्धि है?
(a) दीर्घ सन्धि (b) व्यंजन सन्धि
(c) अयादि सन्धि (d) विसर्ग सन्धि

**11.** समय तालिका का दृढ़ता से पालन करना चाहिए। रेखांकित शब्द में संज्ञा का भेद है
(a) व्यक्तिवाचक (b) जातिवाचक
(c) समुदायवाचक (d) भाववाचक

**12.** 'माली ने पौधे लगाए।' वाक्य में कौन-सा कारक है?
(a) कर्म (b) कर्ता
(c) करण (d) सम्प्रदान

**13.** 'मैंने खाना खाया था।' यह वाक्य किस काल का है?
(a) वर्तमान काल (b) भूतकाल
(c) भविष्यत काल (d) निश्चय काल

**14.** 'धीरे-धीरे' कौन-सा क्रिया-विशेषण है?
(a) कालवाचक (b) रीतिवाचक
(c) संख्यावाचक (d) परिमाणवाचक

**15.** 'अटैची अलमारी के ऊपर रखी है।' वाक्य में कौन-सा सम्बन्धबोधक अव्यय है?
(a) समय (b) स्थान
(c) कारण (d) साधन

**16.** 'और' किस प्रकार का समुच्चयबोधक है?
(a) विकल्पसूचक समानाधिकरण
(b) संयोजक समानाधिकरण
(c) विरोधसूचक व्याधिकरण
(d) कारणसूचक व्याधिकरण

**17.** 'कौन, कहाँ, कैसे' आदि पूछे जाने पर अन्त में कौन-सा विराम चिह्न लगाया जाता है?
(a) पूर्णविराम (b) प्रश्नवाचक चिह्न
(c) अल्पविराम (d) विस्मयादिबोधक चिह्न

**18.** 'नव'+'उदय' की सन्धि क्या होगी?
(a) नवोदय (b) नवुदय
(c) नवेउदय (d) नवउदय

**19.** '········· में जहाज तैर रहे हैं।' रिक्त स्थान में शुद्ध वर्तनी वाले शब्द का चयन कीजिए।

(a) समुन्द्र (b) समुद्र

(c) समुर्द्र (d) समद्र

**20.** 'वह स्कूल जा रहे हैं।' इस वाक्य में कौन-सी त्रुटि है?

(a) 'वह' की जगह 'वे' होना चाहिए।

(b) 'जा' की जगह 'गया' होना चाहिए।

(c) 'हैं' की जगह 'है' होना चाहिए।

(d) कोई गलती नहीं है।

**21.** सोने का <u>कलश</u> लिए उषा चली आ रही है। रेखांकित शब्द का वचन बताइए।

(a) स्त्रीलिंग (b) बहुवचन

(c) एकवचन (d) पुल्लिंग

**22.** 'आपको <u>कोई</u> बुला रहा है।' रेखांकित शब्द में सर्वनाम का कौन-सा भेद है?

(a) निश्चयवाचक (b) अनिश्चयवाचक

(c) संबंधवाचक (d) पुरुषवाचक

**23.** 'दिल्ली एक <u>ऐतिहासिक</u> नगर है।' रेखांकित शब्द में विशेषण का भेद है

(a) संख्यावाचक (b) सार्वनामिक

(c) परिमाणवाचक (d) गुणवाचक

**24.** 'मैंने पिताजी से जेब खर्च लिया।' प्रस्तुत वाक्य में कौन-सी क्रिया है?

(a) अकर्मक (b) एककर्मक

(c) द्विकर्मक (d) साधारण

**25.** 'घर का भेदी लंका ढाए' का क्या अर्थ है?

(a) घर में आग लगाना

(b) घर की सुरक्षा करना

(c) अपने ही व्यक्ति द्वारा हानि पहुँचाना

(d) घर का भेद छुपाना

**26.** दिए गए अनेकार्थी शब्द समूह में से कौन-सा शब्द समूह सही है?

(a) अम्बर, वस्त्र, कृपा (b) सेना, बल, हाथी

(c) गेहूँ, सोना, कनक (d) वर्ण, असत्य, अक्षर

**27.** 'मुग्धा पढ़ती होगी।' प्रस्तुत वाक्य में कौन-सा काल है?

(a) सामान्य वर्तमानकाल (b) संभाव्य भविष्यतकाल

(c) पूर्ण भूतकाल (d) संदिग्ध वर्तमान काल

**28.** 'सुचित्रा ने पाठ पढ़ा होगा।' प्रस्तुत वाक्य में कौन-सा काल है?

(a) आसन्न भूतकाल (b) अपूर्ण भूतकाल

(c) संदिग्ध भूतकाल (d) पूर्ण भूतकाल

**29.** काले <u>या</u> सफेद घोड़े में से एक चुन लो। रेखांकित वाक्य में से कौन-सा अव्यय है?

(a) व्याधिकरण (b) समुच्चयबोधक

(c) समानता सूचक (d) कालसूचक

**30.** 'मैं पाँचवीं कक्षा में पढ़ता हूँ और मेरी बहन सातवीं कक्षा में पढ़ती है।' प्रस्तुत वाक्य रचना की दृष्टि से है

(a) सरल (b) संयुक्त

(c) मिश्रित (d) संकेतवाचक

**31.** 'ईश्वर तुम्हें सुखी रखे।' अर्थ के आधार पर वाक्य भेद है

(a) संकेतवाचक (b) आज्ञावाचक

(c) विधानवाचक (d) इच्छावाचक

**32.** अलि-अली शब्दों के अर्थ का सही विकल्प कौन-सा है?

(a) पुष्प-सखी (b) सहेली-कली

(c) भौंरा-सखी (d) आकाश-कपड़ा

**33.** भारत विदेशों से कुछ वस्तुओं का <u>आयात</u> करता है, तो कुछ वस्तुओं का ········· भी। रेखांकित शब्द का उपयुक्त विपरीतार्थक शब्द रिक्त स्थान में भरिए।

(a) समर्थन (b) विग्रह

(c) निर्यात (d) उत्थान

**34.** अशोक महान <u>राजा</u> था। रेखांकित शब्द का पर्यायवाची शब्द है-

(a) महीप (b) सुरेश

(c) देवराज (d) देवेंद्र

**35.** अर्जुन <u>का</u> बाण जयद्रथ को जा लगा। रेखांकित शब्द में कौन-सा कारक है?

(a) संबोधन कारक (b) सम्प्रदान कारक

(c) संबंध कारक (d) करण कारक

**36.** निम्न में से कौन-सा युग्म सही नहीं है?

(a) नासिक – नाक

(b) स्वर्ण – सोना

(c) जड़ – चेतन

(d) सरस – जटिल

**37.** पृष्ठ शब्द का अर्थ है?

(a) पीठ (b) सतह
(c) पन्ना (d) पाठ

**38.** 'रणभूमि पर सेनाएँ डटी रहीं।' वाक्य में 'रणभूमि' का पर्यायवाची शब्द होगा?

(a) युद्धभूमि (b) राजमहल
(c) खेल की भूमि (d) ये सभी

**निर्देश** (प्रश्न संख्या 39-40) दिए गए गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

भारत का उत्तर प्रदेश राज्य ऐतिहासिक और सांस्कृतिक दृष्टि से बहुत महत्त्वपूर्ण है। यहाँ की संस्कृति, खानपान और भाषा सब कुछ बहुत विविध है। उत्तर प्रदेश में अनेक प्रमुख पर्यटन स्थल हैं; जैसे–आगरा, जहाँ ताजमहल स्थित है और वाराणसी, जो गंगा नदी के किनारे बसा है। इस राज्य की राजधानी लखनऊ है, जो अपनी ऐतिहासिक इमारतों और शाही खानपान के लिए प्रसिद्ध है। यहाँ का लोक संगीत और नृत्य भी बहुत प्रसिद्ध है। उत्तर प्रदेश में हरियाली और सुन्दर परिदृश्य के कारण यह पर्यटन के लिए एक प्रमुख स्थल है। यहाँ की सांस्कृतिक धरोहर को देखने के लिए हर साल लाखों पर्यटक आते हैं।

**39.** उत्तर प्रदेश राज्य के प्रमुख पर्यटन स्थलों में कौन-सा स्थल शामिल नहीं है?

(a) आगरा (b) वाराणसी
(c) लुधियाना (d) लखनऊ

**40.** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ किसके लिए प्रसिद्ध है?

(a) अपने लोक संगीत और नृत्य के लिए
(b) अपनी ऐतिहासिक इमारतों और शाही खानपान के लिए
(c) गंगा नदी के किनारे के लिए
(d) ताजमहल के लिए

## सेक्शन 'B' (2 अंक)

**41.** निम्न कथनों में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

1. भाषा को रोचक बनाने में मुहावरे तथा लोकोक्तियों का विशेष स्थान होता है।
2. मुहावरा शब्द का अर्थ बातचीत और अभ्यास है।
3. लोकोक्ति का प्रयोग आम बोल-चाल की भाषा में होता है।

**कूट**

(a) केवल 1 (b) 1 केवल 3
(c) 2 और 3 (d) ये सभी

**42.** सम् उपसर्ग से बने शब्द हैं

1. सम्पत्ति 2. सम्मान
3. सक्रिय 4. सफल

**कूट**

(a) केवल 1 (b) केवल 2 (c) 2 और 3 (d) 1 और 2

**43.** सुमेलित कीजिए

| | सूची I | | सूची II |
|---|---|---|---|
| A. | आहार का विलोम | 1. | बालाएँ |
| B. | बालक का स्त्रीलिंग | 2. | निराहार |
| C. | बाला का बहुवचन | 3. | बालिका |
| D. | बालक की भाववाचक संज्ञा | 4. | बालपन |

**कूट**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 3 | 1 | 4 |
| (b) | 1 | 2 | 4 | 3 |
| (c) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (d) | 4 | 1 | 2 | 3 |

**44.** सुमेलित कीजिए

| | सूची I (कर्म) | | सूची II (क्रिया) |
|---|---|---|---|
| A. | कपड़े | 1. | खिलना |
| B. | पत्र | 2. | पकाना |
| C. | रोटी | 3. | लिखना |
| D. | फूल | 4. | धोना |

**कूट**

| | A | B | C | D | | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 3 | 1 | 4 | (b) | 1 | 2 | 4 | 3 |
| (c) | 2 | 1 | 4 | 3 | (d) | 4 | 3 | 2 | 1 |

**45.** सुमेलित कीजिए

| | सूची I | | सूची II |
|---|---|---|---|
| A. | 'लाल' विशेषण है | 1. | कालवाचक |
| B. | 'कभी-कभी' क्रिया विशेषण है | 2. | गुणवाचक |
| C. | 'सूरज उगता है' वाक्य है | 3. | साधारण वाक्य |
| D. | 'मुझे' सर्वनाम है | 4. | उत्तम पुरुषवाचक |

**कूट**

| | A | B | C | D | | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 1 | 3 | 4 | (b) | 1 | 2 | 4 | 3 |
| (c) | 2 | 4 | 1 | 3 | (d) | 4 | 1 | 3 | 2 |

**46.** निम्न में से कौन-सा युग्म सही सुमेलित नहीं है?

| | **भाषा** | **बोली** |
|---|---|---|
| (a) | बिहारी | मेवाती, जयपुरी |
| (b) | पश्चिमी हिंदी | कुमाऊँनी, गढ़वाली |
| (c) | राजस्थानी | ब्रजभाषा, बांगरु |
| (d) | पूर्वी हिंदी | अवधी, बघेली |

**47.** सुमेलित कीजिए।

| | **सूची I** | | **सूची II** |
|---|---|---|---|
| A. | विदेशी | 1. | सप्त |
| B. | तत्सम | 2. | गाड़ी |
| C. | देशज | 3. | स्टेशन |
| D. | तद्भव | 4. | कोयल |

**कूट**

| | A | B | C | D | | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 | 4 | (b) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (c) | 3 | 1 | 2 | 4 | (d) | 4 | 3 | 2 | 1 |

**48.** सुमेलित कीजिए

| | **सूची I** (मुहावरा) | | **सूची II** (अर्थ) |
|---|---|---|---|
| A. | आँखें खुलना | 1. | दूसरों पर निर्भर रहना |
| B. | मुँह ताकना | 2. | सफल न होना |
| C. | लोहा लेना | 3. | होश आना |
| D. | दाल न गलना | 4. | मुकाबला करना |

**कूट**

| | A | B | C | D | | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 | 4 | (b) | 3 | 1 | 4 | 2 |
| (c) | 2 | 3 | 1 | 4 | (d) | 4 | 3 | 2 | 1 |

**49.** **कथन** (A) 'आदित्य स्कूल जाता है' वाक्य में 'जाता है' क्रिया वर्तमान काल का उदाहरण है।

**कारण** (R) वर्तमान काल की क्रिया में क्रिया के अन्त में 'ता है', 'ती है', 'ते हैं' का प्रयोग होता है।

**कूट**

(a) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या है।
(b) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, लेकिन कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) कथन (A) सही है, किन्तु कारण (R) गलत है।
(d) कथन (A) गलत है, किन्तु कारण (R) सही है।

**50.** **कथन** (A) 'रवि' और 'इन्द्र' की सन्धि करने पर 'रवीन्द्र' बनता है।

**कारण** (R) इस सन्धि में 'इ' और 'इ' मिलकर 'ई' बना है।

**कूट**

(a) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या है।
(b) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, लेकिन कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) कथन (A) सही है, किन्तु कारण (R) गलत है।
(d) कथन (A) गलत है, किन्तु कारण (R) सही है।

# Tie-Breaking सेक्शन

**निर्देश**

1. इस खण्ड में 5 प्रश्न हैं।
2. इस खण्ड में प्राप्त अंकों को कुल अंकों में नहीं जोड़ा जाएगा।
3. यदि दो या दो से अधिक छात्रों के समान अंक आते हैं, तो उनमें विजेता का चयन इस खण्ड में प्राप्त अंकों के आधार पर किया जाएगा।
4. इस खण्ड को करना अनिवार्य नहीं है। छात्र इसे कर भी सकते हैं और नहीं भी।

**1.** निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

1. काल तीन प्रकार के होते हैं– भूतकाल, वर्तमानकाल, भविष्यतकाल।
2. 'सौन्दर्य' शब्द संज्ञा है।
3. 'और' समुच्चयबोधक अव्यय है।
4. वचन के दो भेद होते हैं- एकवचन और बहुवचन।

**कूट**

(a) 1 और 3
(b) 1, 2 और 4
(c) 1 और 4
(d) उपरोक्त सभी

**2.** **कथन** (A) अल्पविराम का प्रयोग बहुत थोड़ा-सा रुकने के लिए किया जाता है।

**कारण** (R) जहाँ कोई प्रश्न पूछा जाता है, वहाँ पूर्ण विराम का प्रयोग करते हैं।

**कूट**

(a) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या है।
(b) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, लेकिन कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) कथन (A) सही है, किन्तु कारण (R) गलत है।
(d) कथन (A) गलत है, किन्तु कारण (R) सही है।

**3.** सुमेलित कीजिए

| | **सूची I** | | **सूची II** |
|---|---|---|---|
| A. | भाववाचक संज्ञा | 1. | वीर |
| B. | विशेषण | 2. | कुछ फल |
| C. | अनिश्चित परिमाणवाचक | 3. | वीरता |
| D. | निश्चयवाचक सर्वनाम | 4. | यह घड़ी |

**कूट**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (b) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (c) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (d) | 3 | 1 | 2 | 4 |

**4.** 'होंसले बुलंद होना' मुहावरे का अर्थ है

(a) आकर्षित होना
(b) तेजी से बढ़ोतरी
(c) अत्यंत उत्साह होना
(d) होश में आना

**5.** सुमेलित कीजिए

| | **सूची I** | | **सूची II** |
|---|---|---|---|
| A. | संज्ञा | 1. | सुन्दर |
| B. | विशेषण | 2. | खेलना |
| C. | क्रिया | 3. | पुस्तक |
| D. | क्रिया-विशेषण | 4. | दैनिक |

**कूट**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 1 | 2 | 4 |
| (b) | 1 | 3 | 2 | 4 |
| (c) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| (d) | 3 | 4 | 1 | 2 |